(2)
3221
25/4/12

30 MAR 2012 असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
बी०स०प्रे०सं० ६५९ ... तिथि २०/५/१२

बि० स०म० (एल०ए०वादवृत्त) 20—मो०एल०—1,500

श्री अशोक कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, इसमें जो दो टोला है, दलित टोला है उसमें ट्रांसफर्मर लगा हुआ है लेकिन विभाग ने अभी तक उसमें कनेक्शन नहीं जोड़ा है और दूसरा मुसहरी टोल है जिसमें पोल गड़ा हुआ है और उसपर अभी तक न तो तार लगाया गया है और न ट्रांसफर्मर लगाया गया है और तीसरा है टेकटार स्टेशन एरिया, अध्यक्ष महोदय, बहुत भीड़-भाड़ वाली जगह है, छोटा-सा बाजार है, पूरे गाँव में विद्युत रहता है, वहाँ लाईट नहीं है, बिजली नहीं है तो मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि दलित टोला, मुसहरी टोला जहाँ ट्रांसफर्मर लगे हुये हैं और एक जगह पोल लगे हुये हैं, क्या प्राथमिकता के आधार पर वहाँ विद्युतीकरण का विचार रखते हैं ?

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : महोदय, जैसा माननीय सदस्य कह रहे हैं, हम तुरंत दिखवायेंगे, अगर सामान्य तौर पर केवल ट्रांसफर्मर लगा देने से या क्या स्थिति है, तो प्रयास किया जायेगा कि उसका द्रुत गति से काम करवा दिया जाय और बाकी का जैसा मैंने बताया कि डिटेल डी०पी०आर० बन रहा है, इसके बाद पूरे जो अविद्युतीकृत गाँव भी हैं, उनको भी इस दायरे में ले आकर कार्रवाई की जायेगी ।

श्री अशोक कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि टेकटार स्टेशन एरिया है, अँधेरा रहने के कारण काफी आपराधिक घटनाएँ घट जाती हैं, मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि कम-से-कम टेकटार स्टेशन एरिया में बिहार सरकार अपने फंड से वहाँ पर विद्युतीकरण कराने की कृपा करेंगे ?

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : ठीक है ।

तारांकित प्रश्न संख्या- ३०५६ (डॉ० अच्युतानन्द)

श्री अश्विनी कुमार चौबे, मंत्री : महोदय, १- उत्तर स्वीकारात्मक है ।

२- अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि वैशाली जिला के भगवानपुर प्रखंड के अन्तर्गत प्रतापटांड़ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुल दो चिकित्सक - डॉ० विजय कुमार सिन्हा एवं डॉ० उदय कुमार पदस्थापित हैं ।

३- अस्वीकारात्मक है । चिकित्सा पदाधिकारी के दो स्वीकृत पदों के विरूद्ध दो चिकित्सक पदस्थापित हैं ।

डॉ० अच्युतानन्द : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि चिकित्सा विभाग ने जो रिपोर्ट दिया है, वह रिपोर्ट व्यवहारिक रूप से स्थल पर सही नहीं है । एक चिकित्सक पदस्थापित हैं, वे लकवा से ग्रसित हैं, वे न चल सकते हैं, न बोल सकते हैं और न लिख सकते हैं । अब दूसरा चिकित्सक वहाँ पदस्थापित है तो रजिस्टर में पदस्थापित होगा लेकिन कहीं डिप्युटेशन पर काम करता होगा, वहाँ नहीं है । वहाँ पूरा हॉस्पीटल बन्द पड़ा रहता है, झाड़ू देने वाला भी कोई नहीं है । इसलिये आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि क्या भगवानपुर प्रखंड के प्रतापटांड़ जहाँ के छः शय्या वाला हॉस्पीटल का महामहिम राज्यपाल महोदय ने उद्घाटन किया था और वह ऐसे ही बेकार पड़ा हुआ है और रोगी ७-८ कि०मी० लालगंज चिकित्सा कराने जाता है ।

श्री अश्विनी कुमार चौबे, मंत्री : महोदय, जो अभी रिपोर्ट है कि वहां दो डॉक्टर ऑलरेडी पोस्टेड हैं और मैंने कल भी इसकी समीक्षा की है तो स्पष्ट वहाँ से आया, दो के अलावा एक और आयुष का चिकित्सक भी बताया गया, जो अभी हाल में गया है । ये दो चिकित्सक वहाँ पोस्टेड हैं और काम कर रहे हैं लेकिन अगर माननीय सदस्य वहाँ के हैं, इनकी भावना को देखते हुये और हमारी सरकार की इच्छा है कि उस अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को चलाना और इस उद्देश्य को देखते हुये हम अविलम्ब वहां अच्छी व्यवस्था खड़ा करेंगे ।

<u>तारांकित प्रश्न संख्या- ३०५७ (श्रीमती मुन्नी देवी)</u>

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : महोदय, १- आंशिक स्वीकारात्मक है । विद्युत कनेक्शन लेने के लिये "एक माह में विद्युत आपूर्ति चालू करने" सम्बन्धी निर्णय उन आवेदकों पर लागू होती है जहाँ विद्युतीय संरचना विद्यमान हो । जहाँ विद्युतीय संरचना विद्यमान नहीं है अथवा विद्यमान विद्युतीय संरचना क्षतिग्रस्त होकर डी-इलेक्ट्रीफायड हो गया है, उन स्थानों के लिए एक माह में विद्युत संबंधन देने के लिए एक माह की अवधि पर्याप्त नहीं है ।

२- वर्णित गांव झौंवा में विद्युतीय संरचनाओं की मरम्मती पूरी कर ली गई है । सिर्फ ट्रांसफॉर्मर आवंटित कर एक माह में विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जायेगी ।

कटेया गांव को पुनः ऊर्जान्वित करने हेतु पोल एवं ट्रांसफॉर्मर छोड़कर सभी सामान उपलब्ध करा दिये गये हैं । एक माह में पोल एवं ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जायेगी ।

शेष गाँवों के पुनः ऊर्जान्वयन हेतु जिले का पूरक डी०पी०आर० तैयार किया गया है जिसकी स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त हो चुकी है । अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।

३- उपरोक्त खण्ड- १ एवं २ में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

श्रीमती मुन्नी देवी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूछना चाहती हूं कि मेरे शाहपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम- झौंवा, सरैंया, कटेयां, घाघा सहित सेमरिया, मिश्रौलिया, बेलौटी पश्चिम, सिकरिया पश्चिम, जमुआ महादलित टोला, दोघरा महादलित टोला, मंझौली एवं मिश्रौली गाँव के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा लगातार दो वर्षों से ट्रांसफॉर्मर की माँग की जा रही है और इस संबंध में कई आवेदन-पत्र भी उपभोक्ताओं द्वारा कार्यपालक अभियंता को दिया जा चुका है लेकिन कोई ऐक्शन नहीं लिया गया है । महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं कि कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, भोजपुर एवं महाप्रबंधक, बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, पटना को दिये गये हैं । मेरे द्वारा भी पत्रांक-२४०/११ दिनांक- १३.०९.२०११, पत्रांक २९६/११ दिनांक ०९.१२.२०११ सहित दर्जनों पत्र कार्यपालक अभियंता को दिये गये तथा पत्रांक- ३४०/१२ दिनांक- ०९.०१.२०१२ से ग्राम सरैंया में ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने हेतु महाप्रबंधक, बिहार राज्य विद्युत बोर्ड, पटना को भी लिखा गया परंतु आजतक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगा है ।

इसलिये अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि वह सदन में इसकी घोषणा कर दें कि कबतक इन गाँवों में ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जायेगी ।